
**राहत** | खुर्द और अडेरवा गांव के पास बनाए जाएंगे, लंबी दूरी तय कर आ रहे वाहन सवारों को मिलेगी आराम की सुविधा, दोनों ही मोटल छह-छह एकड़ जमीन पर बनाए जाएंगे

# कानपुर एक्सप्रेस-वे किनारे वाहन सवारों के लिए बनेंगे दो मोटल

■ **शुभांशु शेखर**

**लखनऊ।** लखनऊ और कानपुर के बीच बन रहे एक्सप्रेस के किनारे दो स्थानों पर मोटल भी बनाए जाएंगे। इसमें ट्रक चालकों और कार आदि से चलने वालों के लिए अलग-अलग रेस्ट रूम एरिया होगा। इससे कार और मोटर कैब से परिवार संग सफर करने वालों को आराम के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

एक मोटल लखनऊ से कानपुर की तरफ जाने पर 51.6 किमी पर पडरी खुर्द गांव के पास बनाया जाएगा। दूसरा कानपुर से लखनऊ आने पर 60.30 किमी पर अडेरवा गांव के पास बनाया जाएगा। दोनों ही मोटल छह-छह एकड़ जमीन पर बनाए जाएंगे। इसके लिए जमीन आरक्षित कर ली गई है। मोटल पर फैमिली रेस्ट रूम भी अलग से बनाया जाएगा, जिसमें अटैच्ड वॉश रूम आदि की सुविधा होगी। ताकि, परिवार संग सफर कर रहे लोगों आराम से रह सकें। ट्रक वालों के लिए मोटल के हिस्से में रात को रुकने की सुविधा रहेगी। उनके लिए डारमेट्री बनाया जाएगा। इस डारमेट्री में भी अटैच्ड वॉश रूम की सुविधा होगी। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कर्नल शरद सिंह का कहना है कि मोटल बनने से सफर करने वालों को सुविधा होगी।




**01** मोटल लखनऊ से कानपुर की तरफ जाने पर बनेगा

■ **दूसरे का निर्माण कानपुर से लखनऊ आने वाली लेन के किनारे होगा**

## परिसर में बच्चों के लिए पार्क और झूले

मोटल परिसर मे ही बच्चो के लिए एक पार्क भी बनाया जाएगा। इसमे अच्छी गुणवत्ता वाले झूले लगाए जाएंगे, जिससे कि मोटल मे रुकने के दौरान बच्चो को बोरियत न हो। एनएचएआई के अधिकारियो का कहना है कि पार्क से बच्चो का मन भी बहल जाएगा, कार मे लंबे समय तक बैठे रहने से शरीर का व्यायाम भी हो जाएगा।

## लांग ड्राइव पसंद लोगों का बन सकता है गंतव्य

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे बनने के बाद लांग ड्राइव पसंद करने वाले परिवार के संग इस पर घूमना भी पसंद करेंगे। बीच सफर मे एक्सप्रेस वे पर ही सुरक्षित मोटल की सुविधा मिलने से उनकी लांग ड्राइव का आनंद ही अलग हो जाएगा। यहां रुक कर फास्ट फूड आदि का आनंद उठा कर एक तरह से पिकनिक मना सकेंगे। साथ ही यह जगह छुट्टियां बिताने के लिए अच्छी साबित हो सकती है।

## ये सुविधाएं होंगी

- फास्ट फूड सेंटर, मेडिकल शॉप, ट्रामा व ट्रेवल इनफार्मेशन सेंटर
- मोटर गैरेज, फ्यूल सेंटर, कार पार्किंग की सुविधा
- परिवार संग रुकने वालों के लिए अलग कमरा

## ट्रक वालों को ये सुविधा

- ट्रक की पार्किंग के लिए अलग स्थान होगा
- ट्रकों की मरम्मत के लिए दुकानें होंगी और फ्यूल सेंटर
- फास्ट फूड सेंटर, मेडिकल शॉप और ट्रेवल इंफार्मेशन सिस्टम